**श्री विनोद कुमार, प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड एवं अध्यक्ष–कार्यकारी समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा की अध्यक्षता में दि0 05.01.2022 को मंथन सभागार में आयोजित उत्तराखण्ड प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबन्धन और योजना प्राधिकरण (उत्तराखण्ड कैम्पा) की कार्यकारी समिति की सप्तम बैठक का कार्यवृत्त।**

**उपस्थिति सदस्यों/प्रतिनिधियों का विवरण :**

1. श्री विनीत पांगती, अपर प्रमुख वन संरक्षक, अनुसन्धान प्रशिक्षण एवं प्रबन्धन।
2. डॉ॰ समीर सिन्हा, अपर प्रमुख वन संरक्षक, परियोजनाएं, उत्तराखण्ड।
3. डॉ॰ कपिल जोशी, अपर प्रमुख वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड।
4. श्री आर0के0 मिश्र, अपर प्रमुख वन संरक्षक, वन्य जीव प्रशासन एवं आसूचना, उत्तराखण्ड।
5. डॉ॰ पराग मधुकर धकाते, मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड।
6. श्री एस0पी0 सिंह, उप सचिव, वन एवं पर्यावरण, उत्तराखण्ड शासन।
7. श्री कवीन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन।
8. श्री दिनेश वर्मा, संयुक्त निदेशक, प्रतिनिधि–अपर सचिव, नियोजन, उत्तराखण्ड शासन।
9. श्री आनन्द स्वरूप, अपर सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन।
10. सुश्री झरना कामठान, अपर सचिव–जनजाति विकास, उत्तराखण्ड शासन।
11. श्री मनोज कुमार तिवारी, डी0पी0आर0ओ0, प्रतिनिधि–अपर सचिव–पंचायती राज, उत्तराखण्ड शासन।
12. श्री जे0सी0 जोशी, वित्त नियंत्रक, वन विभाग।
13. श्री एस0टी0एस0 लेप्चा, जनजाति मामलों के विशेषज्ञ/जनजाति समुदाय के प्रतिनिधि।
14. श्रीमती रश्मि सिंह, प्रतिनिधि–उज्जवला, कोटद्वार।
15. श्री जे0एस0 सुहाग, अपर प्रमुख वन संरक्षक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा एवं सदस्य सचिव, कार्यकारी समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा।

**विशेष आमंत्री**

1. श्री निशान्त वर्मा, मुख्य वन संरक्षक, वनाग्नि एवं आपदा प्रबन्धन, उत्तराखण्ड
2. श्री ए0के0 राजपूत, उपायुक्त, ग्राम्य विकास।

सर्वप्रथम अध्यक्ष–कार्यकारी समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा द्वारा कार्यकारी समिति की सप्तम बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए कैम्पा अधिनियम, 2016 के अंतर्गत कार्यकारी समिति के अधिकार एवं दायित्वों के सम्बन्ध में सदस्यों को अवगत कराया गया। तत्पश्चात मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड कैम्पा द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यकारी समिति की सप्तम बैठक की एजेण्डावार कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

## कार्यसूची कार्यकारी समिति 7.1:

## षष्ठम कार्यकारी समिति की दिनांक 18.06.2021 को सम्पन्न हुई बैठक की कार्यवाही की पुष्टि एवं अनुपालनः

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा द्वारा दिनांक 18.06.2021 को आयोजित कार्यकारी समिति की षष्ठम बैठक के कार्यवृत्त के अनुसार लिए गये निर्णयों की बिन्दुवार अनुपालन आख्या समिति के सदस्यगणों के समक्ष प्रस्तुत की गई। समिति द्वारा कार्यवृत्त का अनुमोदन प्रदान किया गया।

## कार्यसूची कार्यकारी समिति 7.2: वर्ष 2020–21 की स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना के सापेक्ष प्रगति।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा द्वारा समिति को अवगत कराया कि राष्ट्रीय कैम्पा, भारत सरकार द्वारा उत्तराखण्ड कैम्पा की वर्ष 2020–21 की रु0 22509.00 लाख की वार्षिक कार्ययोजना एवं दिनांक 15.02.2021 को वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु रु0 12855.00 लाख की अनुपूरक वार्षिक कार्ययोजना स्वीकृत की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2020–21 हेतु वार्षिक कार्ययोजना का कुल आकार रु0 35364.00 लाख स्वीकृत किया गया था। उक्त के सापेक्ष क्रियान्वयन अभिकरणों को कुल रु0 27547.77 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी, (जिसमें गतवर्ष यानि वित्तीय वर्ष 2019–20 के अवशेष कार्यों को वित्तीय वर्ष 2020–21 में पूर्ण करने हेतु भारत सरकार के पत्रांक–15/1/2020-NA दिनांक 15.07.2020 में प्राप्त अनुमति के क्रम में अवमुक्त धनराशि रु0 925.00 लाख की धनराशि सम्मिलित) जिसके सापेक्ष व्यय की प्रगति रु0 25182.58 लाख थी। उपरोक्त का मुख्य घटकवार तथा प्रभागवार विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया :–

1. **वर्ष 2020–21 की स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना के सापेक्ष मुख्य घटकवार प्रगति का विवरणः–**

**(धनराशि लाख रु0 में)**

| विवरण | क्षतिपूरक वनीकरण | कैट प्लान | एन0पी0वी0 | अन्य | अर्जित ब्याज | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वीकृत कार्ययोजना | 5575.00 | 3000.00 | 11616.00 | 1443.00 | 875.00 | 22509.00 |
| अनुपूरक कार्ययोजना | 480.00 | 752.00 | 11073.00 | 550.00 | 0.00 | 12855.00 |
| कुल अनुमोदित कार्ययोजना | **6055.00** | **3752.00** | **22689.00** | **1993.00** | **875.00** | **35364.00** |
| अवमुक्त धनराशि | 5502.41 | 3752.00 | 15273.88 | 1664.83 | 428.68 | **26621.80** |
| गत वर्ष की स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना के सापेक्ष अवमुक्त धनराशि | 17.16 | 10.00 | 801.86 | 96.95 | 0 | **925.97** |
| कुल अवमुक्त धनराशि | 5519.57 | 3762.00 | 16075.74 | 1761.78 | 428.68 | **27547.77** |
| व्यय धनराशि | 4703.72 | 3635.74 | 15241.35 | 1174.86 | 426.91 | **25182.58** |
| अवमुक्त के सापेक्ष व्यय % | **85%** | **97%** | **95%** | **66%** | **96%** | **92%** |

2. वर्ष 2020–21 की स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना के सापेक्ष प्रभागवार प्रगति का विवरणः–

धनराशि लाख रू0 में

| Name Of Implementing Agency | APO | Released | Fund Released Against Unspent Balance in 2020-21 | Total Released Amount | Expenditure |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **KUMAON** | | | | | |
| CCF KUMAON | | | | | |
| **NORTH KUMAON CIRCLE** | | | | | |
| CF NORTH KUMAON CIRCLE | | | | | |
| ALMORA DIVISION | 522.91 | 513.11 | 13.51 | 526.62 | 520.95 |
| ALMORA CS DIVISION | 200.86 | 200.66 | 1.48 | 202.14 | 109.76 |
| PITHORAGARH DIVISION | 1170.79 | 1168.78 | 19.9 | 1188.68 | 1131.80 |
| CHAMPAWAT DIVISION | 210.49 | 207.29 | | 207.29 | 207.29 |
| BAGESHWAR DIVISION | 396.06 | 393.45 | 41.7 | 435.15 | 427.25 |
| **Sub Total NORTH KUMAON CIRCLE** | 2501.11 | 2483.29 | 76.59 | 2559.88 | 2397.05 |
| **SOUTH KUMAON CIRCLE** | | | | | |
| CF SOUTH KUMAON CIRCLE | | | | | |
| NAINITAL DIVISION | 1147.78 | 1147.78 | 46.11 | 1193.89 | 1121.47 |
| RAMNAGAR SC DIVISION | 165.28 | 165.28 | 30.22 | 195.5 | 193.87 |
| RANIKHET SC DIVISION | 198.5 | 195.99 | | 195.99 | 185.14 |
| NAINITAL SC DIVISION | 191.46 | 188.74 | | 188.74 | 187.50 |
| **Sub Total SOUTH KUMAON CIRCLE** | 1703.02 | 1697.79 | 76.33 | 1774.12 | 1687.98 |
| **WESTERN CIRCLE** | | | | | |
| CF WESTERN CIRCLE | | | | | |
| TARAI EAST DIVISION | 1219.96 | 1219.96 | 42.76 | 1262.72 | 524.74 |
| TARAI WEST DIVISION | 362.28 | 362.28 | 40 | 402.28 | 278.10 |
| TARAI CENTRAL DIVISION | 104.69 | 103.69 | 12.3 | 115.99 | 101.84 |
| HALDWANI DIVISION | 250.32 | 247.92 | | 247.92 | 167.07 |
| RAMNAGAR DIVISION | 237.09 | 236.14 | 25.2 | 261.34 | 255.37 |
| **Sub Total WESTERN CIRCLE** | 2174.34 | 2169.99 | 120.26 | 2290.25 | 1327.12 |
| **Total KUMAON** | 6378.47 | 6351.07 | 273.18 | 6624.25 | 5412.16 |
| **GARHWAL** | | | | | |
| CCF GARHWAL | 10 | 10 | | 10 | 10 |
| **BHAGIRATHI CIRCLE** | | | | | |
| CF BHAGIRATHI CIRCLE | | | | | |
| UTTARKASHI SC DIVISION | 67.55 | 67.55 | | 67.55 | 67.55 |
| UTTARKASHI DIVISION | 613.45 | 613.45 | | 613.45 | 479.61 |
| TEHRI DAM1 DIVISION | 194.16 | 194.16 | 6 | 200.16 | 200.16 |
| TEHRI DAM2 DIVISION | 79.22 | 79.22 | | 79.22 | 78.22 |
| NARENDRA NAGAR DIVISION | 1078.2 | 964.78 | | 964.78 | 913.27 |
| TEHRI DIVISION | 577.6 | 577.6 | 40 | 617.6 | 607.78 |

| Name Of Implementing Agency | APO | Released | Fund Released Against Unspent Balance in 2020-21 | Total Released Amount | Expenditure |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **Sub Total BHAGIRATHI CIRCLE** | **2610.18** | **2496.76** | **46** | **2542.76** | **2346.62** |
| **GARHWAL CIRCLE** | | | | | |
| CF GARHWAL CIRCLE | 3 | **3** | | **3** | 2.28 |
| PAURI CS DIVISION | 408.88 | **406.88** | **5.98** | **412.86** | 403.31 |
| BADRINATH DIVISION | 857.86 | **856.36** | | **856.36** | 855.46 |
| GARHWAL DIVISION | 375.04 | **375.04** | | **375.04** | 278.51 |
| ALAKNANDA SC DIVISION | 457.6 | **457.6** | | **457.6** | 457.58 |
| RUDRAPRAYAG DIVISION | 1259.85 | **1259.85** | | **1259.85** | 1015.40 |
| **Sub Total GARHWAL CIRCLE** | **3362.23** | **3358.73** | **5.98** | **3364.71** | **3012.53** |
| **SHIVALIK CIRCLE** | | | | | |
| CF SHIVALIK CIRCLE | | | | | |
| LANSDOWNE SC DIVISION | 263.95 | **246.9** | | **246.9** | 235.11 |
| KALSI SC DIVISION | 679.36 | **678.86** | **1.2** | **680.06** | 608.16 |
| LANSDOWNE DIVISION | 1382.48 | **1380.98** | **47.07** | **1428.05** | 1418.66 |
| HARIDWAR DIVISION | 1786.57 | **1786.57** | **86.3** | **1872.87** | 1872.74 |
| DEHRADUN DIVISION | 1895 | **1687** | **15** | **1702** | 1614.74 |
| **Sub Total SHIVALIK CIRCLE** | **6007.36** | **5780.31** | **149.57** | **5929.88** | **5749.41** |
| **YAMUNA CIRCLE** | | | | | |
| CF YAMUNA CIRCLE | 8.75 | **8.75** | | **8.75** | 0.75 |
| UPPER YAMUNA DIVISION | 403.61 | **403.61** | | **403.61** | 352.15 |
| CHAKRATA DIVISION | 676.11 | **675.11** | | **675.11** | 631.70 |
| MUSSOORIE DIVISION | 879.2 | **877.98** | **10** | **887.98** | 877.40 |
| TONS DIVISION | 282.73 | **282.53** | | **282.53** | 281.63 |
| **Sub Total YAMUNA CIRCLE** | **2250.4** | **2247.98** | **10** | **2257.98** | **2143.63** |
| **Total GARHWAL** | **14240.2** | **13893.8** | **211.55** | **14105.33** | **13262.21** |
| **WILDLIFE** | | | | | |
| **CWLW / PCCF WILDLIFE** | **217.39** | **215.57** | | **215.57** | 214.8 |
| **WILDLIFE DIVISIONS** | | | | | |
| CF WILDLIFE | | | | | |
| RAJAJI NATIONAL PARK | 963.26 | **960.58** | | **960.58** | 938.53 |
| NANDADEVI NATIONAL PARK | 911.34 | **911.34** | **16.24** | **927.58** | 860.63 |
| KEDARNATH DIVISION | 1264.69 | **1264.69** | | **1264.69** | 1107.69 |
| KALAGARH TIGER RESERVE | 556 | **556** | | **556** | 556.00 |
| CORBETT TIGER RESERVE | 1206.75 | **1206.75** | **249.35** | **1456.1** | 1456.1 |
| GOVIND WLS | 324.97 | **324.97** | **50** | **374.97** | 366.39 |
| GANGOTRI NATIONAL PARK | 373.25 | **373.25** | **112** | **485.25** | 481.8 |
| DIR NDBR | 6 | **6** | | **6** | 4.75 |
| **Sub Total WILDLIFE DIVISIONS** | **5606.26** | **5603.58** | **427.59** | **6031.17** | **5771.88** |
| **Total WILDLIFE** | **5823.65** | **5819.15** | **427.59** | **6246.74** | **5986.68** |
| **RESEARCH CIRCLE** | | | | | |
| CF RESEARCH | | | | | |

| Name Of Implementing Agency | APO | Released | Fund Released Against Unspent Balance in 2020-21 | Total Released Amount | Expenditure |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Silva Saal | 123.5 | 123.5 | | 123.5 | 123.43 |
| Silva Parvatiya | 133.4 | 133.4 | 7.1 | 140.5 | 140.5 |
| **Sub Total RESEARCH CIRCLE** | **256.9** | **256.9** | **7.1** | **264** | **263.93** |
| **Total RESEARCH** | **256.9** | **256.9** | **7.1** | **264** | **263.93** |
| **OTHER ADMIN UNITS** | | | | | |
| CCF AND PROJECT DIR NAMAMI GANGE | 2000 | | | | |
| CCF IT | 46.35 | 25 | | 25 | 7.18 |
| CCF ECO TOURISM | 10 | 10 | | 10 | 9.91 |
| CCF FORESTRY TRAINING ACADEMY | 16 | 12.5 | | 12.5 | 12.5 |
| CEO CAMPA | 6517.34 | 178.3 | | 178.3 | 178.3 |
| PCCF PROJECTS | 42.75 | 42.75 | | 42.75 | 22.74 |
| CCF VIGILANCE AND LEGAL CELL | 0 | 0 | 6.55 | 6.55 | 6.54 |
| PCCF Van Panchayat | 32.37 | 32.37 | | 32.37 | 20.48 |
| **Total OTHER ADMIN UNITS** | **8664.81** | **300.92** | **6.55** | **307.47** | **257.64** |
| **All Total APO** | **35364** | **26621.8** | **925.97** | **27547.77** | **25182.58** |

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2021–22 में मृदा एवं जल संरक्षण के अन्तर्गत निर्मित विभिन्न क्षमताओं के जलकुण्डों के निर्माण से 9 करोड़ लीटर की अनुमानित जल संग्रहण क्षमता विकसित हुई है, वहीं गत 03 वर्षों में मृदा एवं जल संरक्षण के विभिन्न कार्यों से कुल लगभग 22 करोड़ ली0 वर्षा जल संग्रहण क्षमता विकसित हुई है जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

| वर्ष | 2018–19 | | 2019–20 | | 2020–21 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विभिन्न क्षमता के जलकुण्ड | संख्या | जलग्रहण क्षमता (करोड़ ली0) | संख्या | जलग्रहण क्षमता (करोड़ ली0) | संख्या | जलग्रहण क्षमता (करोड़ ली0) |
| 2.5 लाख ली0 | 56 | 1.4 | 86 | 1.95 | 72 | 1.8 |
| 1 लाख ली0 | 59 | 0.59 | 229 | 2.29 | 263 | 2.63 |
| 50 हजार ली0 | 515 | 2.57 | 349 | 1.74 | 508 | 2.54 |
| 20 हजार ली0 | 1059 | 2.11 | 435 | 0.63 | 1099 | 2.19 |
| **योग** | **1689** | **6.67** | **1100** | **6.61** | **1942** | **9.16** |
| व्यय धनराशि (लाख रू0) | **443.25** | | **428.52** | | **760.59** | |

सदस्यों द्वारा इस सम्बन्ध में मृदा एवं जल संरक्षण कार्य के फलस्वरूप वाटर रिचार्ज एवं वाटर फ्लो पर पड़े प्रभाव के सम्बन्ध में पृच्छा की गई एवं सुझाव दिया गया

कि उक्त कार्य को पंचवर्षीय प्रोस्पेक्टिव वर्किंग प्लान के तहत तैयार कर किया जाए। समिति के सदस्य श्री एस0टी0एस0 लेप्चा द्वारा अवगत कराया गया कि इस सम्बन्ध में एक कर्न्सोटियम वन विभाग एवं जल संस्थान के द्वारा संयुक्त रूप से कार्य किया गया है एवं पूर्व में जल संस्थान द्वारा वन क्षेत्रों में जल संग्रहण हेतु होने वाले कार्यों एवं स्थलों को चिन्हित कर, इसे सूचीबद्ध कर वन विभाग को उपलब्ध कराया गया था तथा तद्नुसार गतवर्षों में वन विभाग द्वारा आरक्षित/संरक्षित क्षेत्रों में मृदा एवं जल संग्रहण सम्बन्धी कार्य कराए गये हैं। श्री एस0टी0एस0 लेप्चा द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि जल संस्थान द्वारा दिये गये डाटा के आधार पर तैयार एस0एम0सी0 (Springshed Management Consortium) के अनुसार गतवर्षों में प्रदेश की चयनित 93 जल धाराओं पर विशेषतः फोकस किया गया है।

*इस सम्बन्ध में अध्यक्ष द्वारा निर्देश दिये गये कि मृदा एवं जल संरक्षण के समस्त कार्यों हेतु वन प्रभागों द्वारा पांच वर्ष का एक प्रोस्पेक्टिव प्लान वन क्षेत्रों के लगे ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों की जन सहभागिता के साथ तैयार किया जाए एवं उसी आधार पर मृदा एवं जल संरक्षण सम्बन्धी गतिविधियों का कार्ययोजना में प्राविधान किया जाए।*

**मृदा एवं जल संरक्षण के अन्तर्गत नदियों का पुनर्जीवन कार्य**

- नदियों के पुनर्जीवन मद के अन्तर्गत अल्मोड़ा वन प्रभाग के अंतर्गत कोसी नदी, नैनीताल वन प्रभाग के अंतर्गत क्षिप्रा नदी, लैन्सडौन वन प्रभाग के अंतर्गत खोह एवं बागेश्वर वन प्रभाग के अंतर्गत गरूड़ गंगा नदी में नदियों के पुनर्जीवन/उपचार हेतु मृदा एवं जल संरक्षण मद में चैकडैम, चालखाल एवं कन्टूर ट्रेन्चेज का निर्माण एवं धारा नौला का जीर्णोद्धार एवं वृक्षारोपण इत्यादि महत्वपूर्ण कार्य सम्पादित कराए गये हैं। वर्ष 2020–21 में मृतप्राय नदियों के पुनर्जीवन पर विशेष ध्यान देते हुए **कोसी, क्षिप्रा, खोह, न्यार व अन्य नदियों को सम्मिलित करते हुए नदियों के पुनर्जीवन हेतु ₹ 1682.47 लाख** की धनराशि को सम्मिलित करते हुए **मृदा एवं जल संरक्षण मद के अंतर्गत** विभिन्न संरचनाओं का निर्माण कार्य किया गया है। गतवर्ष में इसके अंतर्गत किए गये कुछ कार्यों के फोटोग्राफ्स के माध्यम से प्रस्तुतीकरण भी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

समिति के समक्ष वर्ष 2020–21 के अंतर्गत किए गये वनीकरण, निर्मित वन रक्षक चौकियों, सुरक्षा दीवार, सोलर फेन्सिंग एवं रेस्क्यू सेण्टर के फोटोग्राफ्स भी प्रस्तुत किए गये। अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि स्प्रिंगशेड मैनेजमेन्ट आधारित कार्यों यथा–नदियों का पुनर्जीवन एवं मृदा एवं जल संरक्षण सम्बन्धी विभिन्न कार्यों में स्थानीय ग्रामवासियों की अनिवार्य रूप से सहभागिता सुनिश्चित की जाए, जिससे आउटपुट के साथ–साथ वास्तविक आउटकम भी परिलक्षित हो सके। साथ ही कार्य प्रारम्भ किए जाने से पूर्व भी ग्रामवासियों/स्थानीय निवासियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए आवश्यक रूप से उनके सुझाव भी प्राप्त कर लिए जाएं।

## कार्यसूची कार्यकारी समिति 7.3: वर्ष 2021–22 की भारत सरकार द्वारा स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना एवं उसके सापेक्ष शासन द्वारा निर्गत बजट के विरूद्ध व्यय की अद्यतन स्थिति

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि वर्ष 2021–22 हेतु मा0 एन0जी0टी0 में योचित विभिन्न मूल आवेदनों के सम्बन्ध में मुख्य सचिव महोदय, उत्तराखण्ड शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में नदियों के पुनर्जीवन/उपचार व इन क्षेत्रों में वनीकरण सम्बन्धी कार्यों तथा वन व वन्यजीव सुरक्षा को और सुदृढ़ किये जाने, गैर पारम्परिक नवीनीकरण ऊर्जा पर विशेष ध्यान दिये जाने, गौरेया आश्रय स्थल की स्थापना सम्बन्धी विभिन्न स्तरों से प्राप्त निर्देशों के क्रम में कैम्पा के मानकों अनुसार समुचित धनराशि का प्राविधान कर कार्ययोजना तैयार की गई। सदस्यगण अवगत हुए कि उक्त को सम्मिलित करते हुए जोनल स्तर से प्राप्त ऑनलाइन प्रस्तावों सहित प्रदेश स्तर पर वर्ष 2021–22 की वार्षिक कार्ययोजना संकलित की गई। उक्तानुसार प्रदेश स्तर पर संकलित उत्तराखण्ड कैम्पा की वर्ष 2021–22 की वार्षिक कार्ययोजना की दिनांक 23 फरवरी 2021 को सम्पन कार्यकारी समिति की संस्तुति एवं दिनांक 05 अप्रैल 2021 को सम्पन संचालन समिति के अनुमोदनोपरान्त ₹ 950.80 करोड़ की वार्षिक कार्ययोजना राष्ट्रीय कैम्पा, भारत सरकार को अन्तिम स्वीकृति हेतु प्रेषित की गई थी।

भारत सरकार द्वारा परीक्षणोपरान्त विभिन्न चरणों की बैठक में उनकी अपेक्षा/निर्देशों के अनुरूप कार्ययोजना का विवरण व स्वरूप तैयार/संशोधित कर, राष्ट्रीय कैम्पा, भारत सरकार के विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। भारत सरकार द्वारा विभिन्न मदों में प्रथम चरण में दिनांक 08.06.2021 को रु0 178.86 करोड़, द्वितीय चरण में दिनांक 25.08.2021 को रु0 134.78 करोड़ एवं तृतीय चरण में दिनांक 09.07.2021 को रु0 413.24 करोड़ सहित कुल रु0 726.88 करोड़ की वर्ष 2021–22 हेतु वार्षिक कार्ययोजना स्वीकृत की गई थी, जिसके सापेक्ष बजट के माध्यम से शासन द्वारा उत्तराखण्ड कैम्पा को दिनांक 29.06.2021, 11.11.2021 एवं 20.12.2021 को क्रमशः रु0 152.24 करोड़, 17.43 करोड़ एवं 120.33 करोड़ कुल रु0 290.00 करोड़ की धनराशि उपलब्ध करा दी गई है एवं रु0 150.00 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जो शीघ्र प्राप्त होनी अपेक्षित है। इस प्रकार स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना रु0 726.88 करोड़ के सापेक्ष शासन द्वारा आतिथि तक कुल रु0 440.00 करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई गई/जाएगी। समिति के समक्ष प्रस्तावित वर्ष 2021–22 की प्रस्तावित रू0 95080.90 लाख की वार्षिक कार्ययोजना के सापेक्ष भारत सरकार द्वारा प्रदत्त स्वीकृति का घटकवार विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया:–

**(धनराशि लाख में)**

| घटक का नाम | संचालन समिति द्वारा स्वीकृत एवं भारत सरकार को प्रेषित ए0पी0ओ0 2021–22 | भारत सरकार द्वारा घटकवार अनुमोदित/स्वीकृत धनराशि |
|---|---|---|
| **क्षतिपूरक वनी0** | 8346.53 | 8347.00 |
| **कैट प्लान** | 10959.85 | 10960.00 |

| | | |
|---|---|---|
| अन्य स्थल विशिष्ट गतिविधियां | 2515.44 | 2479.00 |
| एन0पी0वी0 | 70309.08 | 47952.00 |
| ब्याज | 2950.00 | 2950.00 |
| **योग** | **95080.90** | **72688.00** |

समिति को अवगत कराया गया कि उत्तराखण्ड कैम्पा द्वारा वर्ष 2021–22 की स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना के अंतर्गत दिनांक 05.01.2022 तक विभिन्न क्रियान्वयन अभिकरणों को कुल रु0 246.27 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई है, जिसके सापेक्ष रु0 132.16 करोड़ की वित्तीय उपलब्धि (53 प्रतिशत) प्राप्त की गई है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कैम्पा द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि उक्त धनराशि में कैम्पा को शासन स्तर से दिनांक 20.12.2021 को प्राप्त रु0 120.33 करोड़ बजट के सापेक्ष प्रभागों को अवमुक्त की गई रु0 77.27 करोड़ की धनराशि भी सम्मिलित है, जिसे दिसम्बर माह के अन्तिम सप्ताह में आवंटित किया गया है।

उक्त के अतिरिक्त *वित्तीय वर्ष 2020–21 की स्वीकृत अनुपूरक वार्षिक कार्ययोजना के अंतर्गत स्थानीय जन समुदाय के सहयोग से वानिकी एवं वन सुरक्षा कार्यों हेतु स्वीकृत ₹ 40.00 करोड़ की धनराशि, को वित्तीय वर्ष 2021–22 के प्रथम त्रैमास के अंतर्गत अवमुक्त किये जाने हेतु मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं अध्यक्ष संचालन समिति की अनुमति के क्रम में वर्ष 2021–22 के प्रथम त्रैमास में रु0 40.00 करोड़ की धनराशि के सापेक्ष रू0 ₹ 36.61 करोड़ की धनराशि स्थानीय जन समुदाय के सहयोग से वानिकी एवं वन सुरक्षा कार्यों हेतु विभिन्न वन प्रभागों को अवमुक्त की गई है, जिसे इसी मद में वर्ष 2021–22 की स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना के सापेक्ष समायोजित किया गया है एवं इसके सापेक्ष रु0 8.10 करोड़ की वित्तीय उपलब्धि प्राप्त की गई है।*

*इस प्रकार उपरोक्त को सम्मिलित करते हुए वर्ष 2021–22 के स्वीकृत ए0पी0ओ0 अवमुक्त धनराशि एवं उसके सापेक्ष व्यय की प्रगति विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया:–*

समस्त धनराशि लाख रू0 में

| मुख्य घटक | संचालन समिति द्वारा अनुमोदित धनराशि | भारत सरकार द्वारा स्वीकृत धनराशि | उत्तराखण्ड शासन से प्राप्त बजट | क्रियान्वयन इकाईयों को अवमुक्त धनराशि | | | | व्यय का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | शासन से प्राप्त बजट के अंतर्गत | गत वर्ष के स्वीकृत बजट के अंतर्गत * | कुल अवमुक्त धनराशि | व्यय धनराशि | |
| क्षतिपूरक वनी0 | 8346.53 | 8347.00 | 7500.00 | 5084.10 | | 5084.10 | 2179.36 | 42.90 |
| कैट प्लान | 10959.85 | 10960.00 | 6000.00 | 5005.79 | | 5005.79 | 39.16 | 0.70 |
| अन्य स्थल विशिष्ट गतिविधियां | 2515.44 | 2479.00 | 1500.00 | 1500.00 | | 1500.00 | 19.56 | 1.30 |
| एन0पी0वी0 | 70309.08 | 47952.00 | 12000.00 | 11993.70 | 3661.00 | 15654.70 | 11703.32 | 74.70 |
| ब्याज | 2950.00 | 2950.00 | 2000.00 | 1043.83 | | 1043.83 | 85.00 | 8.10 |
| योग | **95080.90** | **72688.00** | **29000.00** | **24627.42** | **3661.00** | **28288.42** | **14026.40** | **49.50** |

*रू0 36.61 करोड़ की धनराशि गत वर्ष की स्वीकृत अनुपूरक वार्षिक कार्ययोजना के सापेक्ष प्राप्त बजट के सापेक्ष प्रभागों को अवमुक्त की गई है।

उपरोक्त का प्रभागवार विवरण निम्नानुसार समिति के सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया:–

| प्रभाग का नाम | संचालन समिति द्वारा अनुमोदित धनराशि | भारत सरकार द्वारा स्वीकृत धनराशि | उत्तराखण्ड शासन से प्राप्त धनराशि (05.01. 2022 तक) | कियान्वयन इकाईयों को अवमुक्त धनराशि (05.01.2022 तक) | | | व्यय धनराशि | व्यय का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | शासन से प्राप्त बजट के अंतर्गत | गत वर्ष के स्वीकृत बजट के अंतर्गत * | कुल अवमुक्त धनराशि | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | 29000 | | | | | |
| KUMAON | | | | | | | | |
| CCF KUMAON | 0 | | | | | | | |
| NORTH KUMAON CIRCLE | | | | | | | | |
| CF NORTH KUMAON CIRCLE | 0 | | | | | | | |
| ALMORA DIVISION | 1049.07 | 811.72 | | 263.32 | 200.00 | 463.32 | 242.49 | 52.34 |
| ALMORA CS DIVISION | 1284.02 | 774.11 | | 228.64 | 32.00 | 260.64 | 116.48 | 44.69 |
| PITHORAGARH DIVISION | 3393.68 | 2700.69 | | 1676.29 | 160.00 | 1836.29 | 874.42 | 47.62 |
| CHAMPAWAT DIVISION | 1039.94 | 646.99 | | 150.03 | 80.00 | 230.03 | 79.74 | 34.67 |
| BAGESHWAR DIVISION | 1518.83 | 909.4 | | 240.01 | 104.00 | 344.01 | 114.99 | 33.43 |
| Sub Total **NORTH KUMAON CIRCLE** | **8285.54** | 5842.9175 | **0.00** | **2558.29** | **576.00** | **3134.29** | **1428.12** | **45.56** |
| **SOUTH KUMAON CIRCLE** | | | | | | | | |
| CF SOUTH KUMAON CIRCLE | 0.00 | | | | | | | |
| NAINITAL DIVISION | 2402.98 | 2033.15 | | 716.50 | 120.00 | 836.50 | 279.80 | 33.45 |
| RAMNAGAR SC DIVISION | 962.15 | 514.19 | | 188.71 | 100.00 | 288.71 | 176.40 | 61.10 |
| RANIKHET SC DIVISION | 990.30 | 774.13 | | 453.35 | 150.00 | 603.35 | 324.73 | 53.82 |
| NAINITAL SC DIVISION | 1018.62 | 829.32 | | 453.25 | 100.00 | 553.25 | 337.44 | 60.99 |
| Sub Total **SOUTH KUMAON CIRCLE** | **5374.05** | 4150.7955 | **0.00** | **1811.81** | **470.00** | **2281.81** | **1130.05** | **49.52** |
| **WESTERN CIRCLE** | | | | | | | | |
| CF WESTERN CIRCLE | | | | | | | | |
| TARAI EAST DIVISION | 2786.70 | 1845.25 | | 546.58 | 60.00 | 606.58 | 269.00 | 44.35 |
| TARAI WEST DIVISION | 846.05 | 781.44 | | 180.84 | 60.00 | 240.84 | 154.91 | 64.32 |
| TARAI CENTRAL DIVISION | 1164.35 | 802.04 | | 174.55 | 60.00 | 234.55 | 159.59 | 68.04 |
| HALDWANI DIVISION | 1537.48 | 957.71 | | 362.32 | 60.00 | 422.32 | 176.85 | 41.88 |
| RAMNAGAR DIVISION | 2005.03 | 1158.22 | | 472.69 | 60.00 | 532.69 | 373.28 | 70.07 |
| Sub Total **WESTERN CIRCLE** | **8339.61** | 5544.656 | **0.00** | **1736.98** | **300.00** | **2036.98** | **1145.45** | **33.43** |
| Total **KUMAON** | **21999.20** | 15538.369 | **0.00** | **6107.08** | **1346.00** | **7453.08** | **3837.65** | **33.43** |
| **GARHWAL** | | | | | | | | |
| CCF GARHWAL | 1544.83 | 1544.83 | | | | | | |
| **BHAGIRATHI CIRCLE** | | | | | | | | |
| CF BHAGIRATHI CIRCLE | | | | | | | | |

| प्रभाग का नाम | संचालन समिति द्वारा अनुमोदित धनराशि | भारत सरकार द्वारा स्वीकृत धनराशि | उत्तराखण्ड शासन से प्राप्त धनराशि (05.01.2022 तक) | कियान्वयन इकाईयों को अवमुक्त धनराशि (05.01.2022 तक) | | | व्यय धनराशि | व्यय का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | शासन से प्राप्त बजट के अंतर्गत | गत वर्ष के स्वीकृत बजट के अंतर्गत * | कुल अवमुक्त धनराशि | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| UTTARKASHI SC DIVISION | 572.45 | 480.18 | | 210.96 | 90.00 | 300.96 | 186.51 | 61.97 |
| UTTARKASHI DIVISION | 1487.00 | 1392.31 | | 577.24 | 90.00 | 667.24 | 352.42 | 52.82 |
| TEHRI DAM1 DIVISION | 1065.62 | 809.55 | | 510.18 | 0.00 | 510.18 | 427.79 | 83.85 |
| TEHRI DAM2 DIVISION | 519.47 | 397.59 | | 200.88 | 0.00 | 200.88 | 198.53 | 98.83 |
| NARENDRA NAGAR DIVISION | 2369.90 | 2017.02 | | 1188.75 | 80.00 | 1268.75 | 606.76 | 47.82 |
| TEHRI DIVISION | 1220.70 | 1136.91 | | 284.52 | 80.00 | 364.52 | 225.72 | 61.92 |
| Sub Total **BHAGIRATHI CIRCLE** | **7235.14** | 6233.5579 | **0.00** | **2972.53** | **340.00** | **3312.53** | **2028.98** | **61.25** |
| **GARHWAL CIRCLE** | | | | | | | | |
| CF GARHWAL CIRCLE | 20.00 | 20.00 | | | | | | |
| PAURI CS DIVISION | 1213.82 | 1009.37 | | 303.50 | 180.00 | 483.50 | 210.27 | 43.49 |
| BADRINATH DIVISION | 2191.86 | 1942.45 | | 1091.26 | 140.00 | 1231.26 | 425.97 | 34.60 |
| GARHWAL DIVISION | 1146.18 | 1158.06 | | 529.40 | 100.00 | 629.40 | 247.73 | 39.36 |
| ALAKNANDA SC DIVISION | 1314.07 | 1091.58 | | 562.46 | 60.00 | 622.46 | 219.69 | 35.29 |
| RUDRAPRAYAG DIVISION | 2092.64 | 2063.25 | | 1486.13 | 60.00 | 1546.13 | 970.58 | 62.77 |
| Sub Total **GARHWAL CIRCLE** | **7978.57** | 7284.69765 | **0.00** | **3972.75** | **540.00** | **4512.75** | **2074.23** | **45.96** |
| **SHIVALIK CIRCLE** | | | | | | | | |
| CF SHIVALIK CIRCLE | 72.39 | 72.39 | | | | | | |
| LANSDOWNE SC DIVISION | 1705.55 | 953.07 | | 314.51 | 120.00 | 434.51 | 329.16 | 75.75 |
| KALSI SC DIVISION | 1488.37 | 1222.11 | | 624.91 | 80.00 | 704.91 | 211.90 | 30.06 |
| LANSDOWNE DIVISION | 1744.63 | 1096.04 | | 461.26 | 120.00 | 581.26 | 414.37 | 71.29 |
| HARIDWAR DIVISION | 2364.69 | 1338.32 | | 601.29 | 80.00 | 681.29 | 381.46 | 55.99 |
| DEHRADUN DIVISION | 3141.23 | 2614.1 | | 1348.53 | 80.00 | 1428.53 | 432.75 | 30.29 |
| Sub Total **SHIVALIK CIRCLE** | **10516.86** | 7296.0395 | **0.00** | **3350.50** | **480.00** | **3830.50** | **1886.95** | **49.26** |
| **YAMUNA CIRCLE** | | | | | | | | |
| CF YAMUNA CIRCLE | 66.12 | 66.12 | | | | | | |
| UPPER YAMUNA DIVISION | 1075.81 | 812.56 | | 329.28 | 60.00 | 389.28 | 126.38 | 32.47 |
| CHAKRATA DIVISION | 2957.95 | 2206.44 | | 1083.37 | 80.00 | 1163.37 | 467.60 | 40.19 |
| MUSSOORIE DIVISION | 2927.84 | 2946.24 | | 1290.44 | 120.00 | 1410.44 | 365.44 | 25.91 |
| TONS DIVISION | 874.28 | 827.87 | | 329.47 | 60.00 | 389.47 | 89.96 | 23.10 |
| Sub Total **YAMUNA CIRCLE** | **7902.00** | 6859.21686 | **0.00** | **3032.56** | **320.00** | **3352.56** | **1109.06** | **33.08** |
| Total **GARHWAL** | **35177.40** | 29218.34191 | **0.00** | **13328.34** | **1680.00** | **15008.34** | **7099.22** | **47.30** |
| **WILDLIFE** | | | | | | | | |
| CWLW / PCCF WILDLIFE | | | | | | | | |

| प्रभाग का नाम | संचालन समिति द्वारा अनुमोदित धनराशि | भारत सरकार द्वारा स्वीकृत धनराशि | उत्तराखण्ड शासन से प्राप्त धनराशि (05.01.2022 तक) | क्रियान्वयन इकाईयों को अवमुक्त धनराशि (05.01.2022 तक) | | | व्यय धनराशि | व्यय का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | शासन से प्राप्त बजट के अंतर्गत | गत वर्ष के स्वीकृत बजट के अंतर्गत * | कुल अवमुक्त धनराशि | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| **WILDLIFE DIVISIONS** | | | | | | | | |
| CF WILDLIFE | | | | | | | | |
| RAJAJI NATIONAL PARK | 1455.45 | 987.95 | | 391.89 | 60.00 | 451.89 | 444.11 | 98.28 |
| NANDADEVI NATIONAL PARK | 3226.01 | 2192.66 | | 1152.27 | 80.00 | 1232.27 | 337.48 | 27.39 |
| KEDARNATH DIVISION | 1772.77 | 1616.25 | | 841.61 | 100.00 | 941.61 | 394.43 | 41.89 |
| KALAGARH TIGER RESERVE | 912.27 | 725.55 | | 284.74 | 215.00 | 499.74 | 498.17 | 99.69 |
| CORBETT TIGER RESERVE | 3120.23 | 2393.96 | | 1064.21 | 60.00 | 1124.21 | 843.08 | 74.99 |
| JHILMIL CR | 42.00 | 42 | | | | | | |
| PAWALGARH CR | 227.29 | 162.15 | | 55.21 | | 55.21 | 55.21 | 100.00 |
| GOVIND WLS | 1311.75 | 1169.72 | | 335.00 | 60.00 | 395.00 | | |
| GANGOTRI NATIONAL PARK | 1050.73 | 1042.31 | | 545.88 | 60.00 | 605.88 | 331.58 | 54.73 |
| BINOG WLS | 104.37 | 104.37 | | 64.53 | | 64.53 | 41.96 | 65.02 |
| DIR NDBR | 10.00 | 10.00 | | | | | | |
| Sub Total **WILDLIFE DIVISIONS** | **13232.87** | 10446.926 | **0.00** | **4735.34** | **635.00** | **5370.34** | **2946.02** | **54.86** |
| Total **WILDLIFE** | **13232.87** | 10446.926 | **0.00** | **4735.34** | **635.00** | **5370.34** | **2946.02** | **54.86** |
| **RESEARCH** | | | | | | | | |
| CCF BIO DIVERSITY AND RESEARCH | | | | | | | | |
| **RESEARCH CIRCLE** | | | | | | | | |
| CF RESEARCH | | | | | | | | |
| Silva Saal | 325.29 | 325.29 | | 91.66 | | 91.66 | 22.75 | 24.82 |
| Silva Parvatiya | 381.15 | 381.15 | | 65.00 | | 65.00 | 35.76 | 55.02 |
| Sub Total **RESEARCH CIRCLE** | **706.44** | 706.44 | **0.00** | **156.66** | **0.00** | **156.66** | **58.51** | **37.35** |
| Total **RESEARCH** | **706.44** | 706.44 | **0.00** | **156.66** | **0.00** | **156.66** | **58.51** | **37.35** |
| **OTHER ADMIN UNITS** | | | | | | | | |
| CCF ENVIRONMENT | 25.00 | 25.00 | | | | | | |
| CCF FORESTRY TRAINING ACADEMY | 167.00 | 167.00 | | | | | | |
| CCF, Monitoring and Evaluation & IT | 10 | 10 | | | | | | |
| CEO CAMPA | 23296.78 | 16107.7 | | 300.00 | | 300.00 | 85.00 | 28.33 |
| PCCF PROJECTS | 20.00 | 20.00 | | | | | | |
| PCCF Van Panchayat | 456.22 | 448.22 | | | | | | |
| Total **OTHER ADMIN UNITS** | **23965.00** | 16777.92 | **0.00** | **300.00** | | **300.00** | **85.00** | **28.33** |
| All Total APO | **95080.91** | 72688 | **29000.00** | **24627.42** | **3661.00** | **28288.42** | **14026.40** | **49.58** |

** मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा के स्तर पर दर्शाई गई धनराशि क्षतिपूरक वनीकरण के लक्ष्यों को पूर्ण किये जाने हेतु प्राविधानित धनराशि के अंतर्गत है जिसके सापेक्ष प्रभागों से प्रकरणवार लक्ष्य प्राप्त होने के उपरांत धनराशि अवमुक्त की जानी है, सहित कैट प्लान, अन्य शर्तें तथा स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना में एन0पी0वी0 के अंतर्गत प्रचार प्रसार, सूचना प्रौद्योगिकी, गौरया आश्रय स्थल, चीड़–पिरूल प्रबंधन, मा0 एनजीटी में योजित मूल आवेदन संख्या 673/2015, 200/2014 आदि में प्रदूषित नदियों के उपचार हेतु किये गये प्राविधान, लैंटाना उन्मूलन, वन रक्षक चौकी निर्माण व हरेला आदि की अवशेष धनराशि के साथ ही अर्जित ब्याज मद के अंतर्गत कैम्पा कार्यालय प्रबंधन, बढ़ी मजदूरी दरों की प्रतिपूर्ति आदि हेतु किये गये प्राविधान सम्मिलित हैं।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि वर्ष 2021–22 में प्रदेश के अंतर्गत मानव वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण/रोकथाम किए जाने के दृष्टिगत पर्याप्त धनराशि का प्राविधान किया गया था, किन्तु भारत सरकार द्वारा विभिन्न मदों जैसे–मानव वन्य जीव संघर्ष रोकथाम हेतु हाथी सुरक्षा दीवार, जंगली जानवरों से खेती सुरक्षा, सुअर रोधी दीवार निर्माण इत्यादि मदों में धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है।

अध्यक्ष–कार्यकारी समिति द्वारा समिति को अवगत कराया कि वर्तमान में विधान सभा चुनाव के दृष्टिगत आचार संहिता शीघ्र ही लगने वाली है। वर्ष 2021–22 की स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना के एन0पी0वी0 मद के अंतर्गत शीघ्र ही रु0 150.00 करोड़ की धनराशि के अंतर्गत फॉरेस्ट चौकी निर्माण, वाच टावर निर्माण एवं रेंज क्वाटर निर्माण हेतु रु0 49.00 करोड़ की धनराशि विभिन्न क्रियान्वयन अभिकरणों को अवमुक्त की जानी प्रस्तावित है। परन्तु आचार संहिता लगने के कारण उक्त कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण किया जाना सम्भव नहीं होगा। इस सम्बन्ध अध्यक्ष द्वारा सुझाव/निर्देश दिये गये कि भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की समयान्तर्गत प्राप्ति हेतु शासन द्वारा अधिसूचित विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से उक्त कार्य सम्पादित कराए जाएं। सदस्यों द्वारा भी इस सम्बन्ध में अपनी सहमति व्यक्त की गई।

नदियों के पुनर्जीवन/उपचार मद में प्राविधानित धनराशि के उपयोग के सम्बन्ध में अध्यक्ष द्वारा निर्देश दिये गये कि उक्त मद में किसी भी नदी में कार्य प्रारम्भ करने से पहले नदी के सूखने का कारण, नदी के डिस्चार्ज कम होने का कारण के सम्बन्ध में विगत 10 या उससे अधिक वर्षों के डाटा का परीक्षण किया जाना चाहिए। साथ ही उक्त कार्य तकनीकी परामर्श प्राप्त करते हुए वैज्ञानिक आधार पर सम्पादित कराया जाना चाहिए। इस सम्बन्ध में अध्यक्ष द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि जिस प्रकार नरेन्द्रनगर वन प्रभाग द्वारा हैवल नदी के उपचार सम्बन्धी कार्यों से नदी का वाटर डिस्चार्ज एवं फ्लो में वृद्धि सम्बन्धी आकलन के तरीके/मानक निर्धारित किए गये हैं, उसी प्रकार प्रस्तावित नदियों का भी उक्त प्रकार का आकलन किया जाना चाहिए।

## कार्यसूची कार्यकारी समिति 7.4: वनीकरण कार्यों की ई–ग्रीन वॉच पोर्टल पर क्रियान्वयन अभिकरणों द्वारा की गई प्रविष्टि

मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा समिति को अवगत कराया कि उत्तराखण्ड कैम्पा के अंतर्गत सम्पादित किए गये समस्त क्षेत्रीय कार्यों/गतिविधियों की स्थल विशिष्ट सूचना यथा– के0एम0एल0 फाइल, फोटोग्राफ्स आदि की ई–ग्रीन वॉच पोर्टल पर प्रविष्टि/अपलोड किया जाना अनिवार्य है, इस प्रकार प्रभागीय स्तर से की गई प्रत्येक प्रविष्टि का भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा अनुश्रवण किया जाता है। वर्तमान में ई–ग्रीन वॉच पोर्टल पर उत्तराखण्ड से संबंधित अब तक कुल अपलोड किए गए पॉलीगनों का सारांश समिति के समक्ष निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया :–

तैयार कर ली गई है एवं एफ0आर0आई0 से प्राप्त उक्त मूल्यांकन रिपोर्ट पर सम्बन्धित वन प्रभाग की आख्या/अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त करने हेतु पत्र प्रेषित किये जा चुके हैं।

अध्यक्ष–कार्यकारी समिति द्वारा इस सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि एफ0आर0आई0 से प्राप्त मूल्यांकन रिपोर्ट के सारांश को उत्तराखण्ड कैम्पा की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाए एवं रिपोर्ट की साफ्ट कापी पैनड्राइव में समिति के समस्त सदस्यों को भी उपलब्ध करा दी जाए। यह भी सुझाव दिया गया कि एफ0आर0आई0 द्वारा दिये गये सुझाओं पर सम्यक विचारोपरान्त समुचित सुधारात्मक निर्देश निर्गत किए जाएं, ताकि गतवर्षो की कमियों की पुर्नरावृत्ति न हो।

अध्यक्ष महोदय द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि कैम्पा कार्यों का तृतीय पक्ष मूल्यांकन कैम्पा की अनिवार्यता है। इसी आधार पर उत्तराखण्ड कैम्पा के अंतर्गत तृतीय पक्ष मूल्यांकन कार्य एफ0आर0आई0 के माध्यम से कराया गया है, जिसे आगे भी अनवरत रूप से कराया जा रहा है। इस पर समिति का सुझाव आया कि इसमें तृतीय पक्ष मूल्यांकन के साथ–साथ अर्न्तप्रभागीय मानीटरिंग की व्यवस्था भी कराई जाए। इस सम्बन्ध में सदस्य–सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि विभाग में फील्ड कार्यों के पारदर्शिता व कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के दृष्टिगत पूर्व से ही अर्न्तप्रभागीय मूल्यांकन व्यवस्था प्रचलित है, जिसमें एक प्रभाग के कार्यों का अन्यत्र प्रभाग द्वारा अनुश्रवण किया जाता है एवं तद्नुसार रिपोर्ट सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत की जाती है। समिति तद्नुसार अवगत हुई।

## कार्यसूची कार्यकारी समिति 7.6: वर्ष 2020–21 की बैलेन्सशीट का अनुमोदन।

समिति को अवगत कराया गया कि उत्तराखण्ड कैम्पा की वर्ष 2020–21 की विभिन्न कियान्वयन अभिकरणों से प्राप्त लेखों के आधार पर बैलेंस शीट तैयार कर ली गई है एवं सी0ए0जी0 इम्पैनल्ड चार्टर्ड एकाउन्टेंट द्वारा आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत ऑडिट एवं आयकर विवरणी (Income Tax Return) फाईल की जा रही है। समिति द्वारा बैलेन्सशीट का अनुमोदन किया गया।

समिति के सदस्यों द्वारा इन्टरनल ऑडिट के विषय में पृच्छा के सम्बन्ध में समिति को अवगत कराया गया कि पूर्व कैम्पा नोटिफिकेशन दिनांक 08 नवम्बर, 2012 एवं कैम्पा अधिनियम, 2016 के अंतर्गत नवगठित कैम्पा प्राधिकरण के ऑडिट/लेखा प्रमाणीकरण का कार्य महालेखाकार (लेखा परीक्षा) द्वारा किया जाता है। इस सम्बन्ध में समिति को यह भी अवगत कराया गया कि वर्तमान में शासन के वित्त विभाग द्वारा गठित ऑडिट टीम द्वारा विभिन्न वन प्रभागों का आन्तरिक ऑडिट कार्य किया जा रहा है।

## कार्यसूची कार्यकारी समिति 7.7: महालेखाकार, उत्तराखण्ड द्वारा प्रस्तुत ऑडिट रिपोर्ट।

| Particular | Diverted Land | CA LAND | Non CA plantation | Plantation works CA & Non CA | Asset | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Total Polygon uploaded | 2345 | 1642 | 1334 | 1005 | 4143 | 10469 |
| | | | | | | |
| Correct | 1842 | 1473 | 45 | 45 | 308 | 3747 |
| Incorrect | 408 | 169 | 1183 | 902 | 451 | 3113 |
| Sattelite Monitoring not required/Pending at FSI | 95 | 8 | 106 | 58 | 3384 | 3609 |

मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया कि वर्तमान में Egreenwatch पोर्टल पर कुल अपलोड किये गए **10469** polygons में से FSI द्वारा **3113 polygons पर आपत्ति व्यक्त की गई है**, जिनको ठीक किये जाने हेतु क्रियान्वयन अभिकरणों को निर्देशित किया गया है जिसकी निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही क्रियान्वयन अभिकरणों को इस कार्यालय के विभिन्न पत्रों द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि वनीकरण से सम्बंधित कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाय व तद्नुसार वर्तमान स्थिति से इस कार्यालय को सूचित किया जाय।

अध्यक्ष महोदय के निर्देशों के क्रम में समिति के समक्ष ई–ग्रीन वॉच पोर्टल पर वन प्रभागों द्वारा सम्पादित कार्यों की, की गई प्रविष्टियों में से वन प्रभागों द्वारा पोर्टल पर की गई प्रविष्टि का उदाहरणस्वरूप कतिपय गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया गया। अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि उपरोक्त से स्पष्ट नहीं है कि प्रभागों के ई–ग्रीन वॉच की प्रविष्टि के लक्ष्य क्या हैं। अर्थात, प्राप्त उपलब्धि किन लक्ष्यों के सापेक्ष है। इस संबंध में उनके द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रत्येक कियान्वयन अभिकरणों को निर्देशित किया जाये कि सप्ताहांतर्गत उनके प्रभागों के ई–ग्रीनवॉच संबंधी लक्ष्यों व अब तक उनके द्वारा उसके सापेक्ष की गई प्रविष्टियों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराएं ताकि प्रभागवार वास्तविक एवं अवशेष प्रविष्टियों की स्थिति स्पष्ट हो सके। समस्त वन प्रभागों को ई–ग्रीन वॉच पोर्टल पर समस्त वानिकी कार्यों की सही–सही प्रविष्टि के साथ–साथ उनके फोटोग्राफ्स भी अपलोड किये जाने हेतु निर्देशित किया जाए, प्रभागों को निर्देशित किया जाए िकवे विधिवत प्रशिक्षण लेकर प्रविष्टियां करें एवं प्रविष्टि इस प्रकार सुनिश्चित की जाए कि incorrect पॉलीगन्स की संख्या शून्य हो अथवा न्यूनतम से न्यूनतम हों।

**<u>कार्यसूची कार्यकारी समिति 7.5: एफ0आर0आई0 द्वारा किये गये तृतीय पक्ष मूल्यांकन रिपोर्ट को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाना</u>**

मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा समिति को अवगत कराया कि कार्यकारी समिति की पिछली बैठक में लिए गये निर्णय के क्रम में एफ0आर0आई0 द्वारा विभिन्न खण्डों में उपलब्ध कराई गई लगभग 8000 पृष्ठों की मॉनीटरिंग रिपोर्ट की एक सारांश पुस्तिका

मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि उत्तराखण्ड कैम्पा का महालेखाकार (लेखा परीक्षा) द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 एवं 2018–19 का लेखा प्रमाणीकरण का कार्य माह अगस्त 2021 में किया गया है एवं वर्ष 2017–18 की अंतिम ऑडिट रिपोर्ट एवं वर्ष 2018–19 की ड्राफ्ट ऑडिट रिपोर्ट उपलब्ध कराई गई है। ड्राफट रिपोर्ट पर इस कार्यालय के स्तर से अंतिम कंमेन्ट्स_महालेखाकार कार्यालय को उपलब्ध करा दिये गये हैं। समिति के समक्ष वर्ष 2017–18 की प्राप्त ऑडिट रिपोर्ट पर एक्शन टेकन रिपोर्ट एवं वर्ष 2018–19 की ड्राफ्ट ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई एवं समिति रिपोर्ट से अवगत हुई। अध्यक्ष महोदय द्वारा वर्ष 2017–18 की एक्शन टेकन रिपोर्ट की साफ्ट कापी भी समस्त सदस्यों को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिये गये।

अध्यक्ष महोदय द्वारा यह भी निर्देश दिये कि उत्तराखण्ड कैम्पा के वित्तीय वर्ष 2019–20 एवं 2020–21 के लेखा प्रमाणीकरण के कार्य को शीघ्र ही पूर्ण कराया जाए एवं इस हेतु महालेखाकार कार्यालय के साथ आवश्यक कार्यवाही/पत्राचार किया जाए।

## कार्यसूची कार्यकारी समिति 7.8: वर्ष 2022–23 की वार्षिक कार्ययोजना का निरूपण।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा द्वारा **समिति को अवगत कराया गया कि** CAF Act 2016 के अनुसार वार्षिक कार्ययोजना को कार्यकारी समिति की संस्तुति एवं संचालन समिति के अनुमोदनोपरान्त, राष्ट्रीय कैम्पा, भारत सरकार को अंतिम अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जाता है। इस सम्बन्ध में उत्तराखण्ड कैम्पा की वर्ष 2022–23 की वार्षिक कार्ययोजना को प्रभाग स्तर पर तैयार कर, उसे सम्बन्धित वन संरक्षक व मुख्य वन संरक्षक की संस्तुति उपरान्त कैम्पा एम0आई0एस0 में ऑनलाईन माध्यम से प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसकी प्रक्रिया वर्तमान में गतिमान हैं। वर्ष 2022–23 के अन्तर्गत कुल **₹ 550.00 करोड़** धनराशि की वार्षिक कार्ययोजना तैयार किया जाना प्रस्तावित (Tentative) है, इस हेतु शासन के स्तर पर वर्ष 2022–23 में बजट के प्राविधान हेतु मांग/प्रस्ताव पूर्व में प्रेषित किया गया है। यह भी सुझाव दिया गया कि क्षेत्रीय/अक्षेत्रीय वन प्रभागों की वार्षिक कार्ययोजनाओं की पद्धति अनुसार ही संरक्षित क्षेत्रों हेतु मुख्य वन जीव प्रतिपालक, कैट प्लान हेतु अपर प्रमुख वन संरक्षक, परियोजनाएं तथा वन पंचायत की वार्षिक कार्ययोजना हेतु प्रमुख वन संरक्षक, वन पंचायत के माध्यम से ऑनलाइन एम0आई0एस0 के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों पर ही विचार किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदय द्वारा समिति को अवगत कराया कि उनके स्तर से वन प्रभागों को शीघ्र ही वार्षिक कार्ययोजना प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। वर्तमान में शासन को वर्ष 2022–23 हेतु कार्ययोजना के प्रस्तावित आकार रु0 550.00 करोड़ से कम धनराशि के प्राविधान हेतु मांग की गई है। किन्तु वन प्रभागों से प्राप्त योजना के संकलन के पश्चात एवं अनुमोदन के पश्चात तद्नुसार शासन को बजट की संशोधित मांग प्रेषित की जाएगी।

अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि वर्ष 2022–23 की वार्षिक कार्ययोजना में गतिविधियों का समावेश एवं उनमें धनराशि का प्राविधान realistic आधार पर किया जाए, ताकि प्रस्तावित कार्ययोजना का आकार वास्तविक हो व इसके अंतर्गत प्राविधानित कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण किया जा सके।

**कार्यसूची कार्यकारी समिति 7.8: अन्य बिन्दु अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार।**

1. अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि उत्तराखण्ड कैम्पा की वर्ष 2021 की बैलेन्सशीट तैयार हो गई है, अतः भारत सरकार के पत्रांक–15/1/2020-NA दिनांक 15.07.2020 के क्रम में दिनांक 31.03.2021 को शेष कैम्पा निधि की धनराशि को राज्य सरकार उत्तराखण्ड के पास कैम्पा निधि में अविलम्ब जमा किया जाए।
2. अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि वार्षिक कार्ययोजना के तहत विभिन्न वन प्रभागों द्वारा किए गये उत्कृष्ट कार्यों का उचित अभिलेखीकरण किया जाए एवं उक्त किये गये कार्यों से आजीविका एवं प्रकृति/पर्यावरण पर पड़े प्रभावों का आकलन भी सुनिश्चित किया जाए।
3. अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि समिति के जो भी सदस्य उत्कृष्ट कार्यों के निरीक्षण हेतु फील्ड विजिट करना चाहें, उन्हें सहयोग प्रदान किया जाए।
4. आगामी वर्ष की कार्ययोजना **realistic approach** आधारित तैयार की जाए, जिससे प्रस्तावित लक्ष्यों की प्राप्ति समयान्तर्गत सुनिश्चित की जा सके। सम्पादित कार्यों का नियमित रूप से क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा अनुश्रवण एवं मूल्यांकन भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि कैम्पा के अंतर्गत व्यय की जाने वाली धनराशि की उपयोगिता सुनिश्चित हो सके। नियंत्रक अधिकारियों द्वारा किए गये अनुश्रवण एवं मूल्यांकन रिपोर्ट/सुझावों को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कैम्पा एवं अध्यक्ष–कार्यकारी समिति, कैम्पा के समक्ष अनिवार्य रूप से प्रस्तुत/साझा की जाए।

अन्त में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा द्वारा अध्यक्ष–कार्यकारी समिति एवं समस्त उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की समाप्ति की गई।

(जे0 एस0 सुहाग)
अपर प्रमुख वन संरक्षक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं
सदस्य सचिव–कार्यकारी समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा

अनुमोदित

19.1.22

(विनोद कुमार)
प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड एवं
अध्यक्ष–कार्यकारी समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा

उत्तराखंड प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबन्धन और योजना प्राधिकरण (उत्तराखंड कैम्पा)
(प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि अधिनियम, 2016 (2016 का 38) की धारा 10(1) के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा अधिसूचित)
वन मुख्यालय, 85–राजपुर रोड, देहरादून टेलीफैक्स : 0135–2744077 ई–मेल: ceocampa-forest-uk@nic.in /ceoukcampa@gmail.com
web site- www.ukcampa.org.in

पत्रांक– 960 /EC.(7) दिनांक, देहरादून, 20 जनवरी, 2022

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषित :–

1. मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड एवं सदस्य–कार्यकारी समिति, उ0 कैम्पा।
2. नोडल अधिकारी, राज्य वन विकास अभिकरण (अपर प्रमुख वन संरक्षक, परियोजनाएं) एवं सदस्य–कार्यकारी समिति, उ0 कैम्पा।
3. अपर प्रमुख वन संरक्षक, अनुसन्धान, प्रशिक्षण एवं प्रबन्धन, उत्तराखण्ड एवं सदस्य–कार्यकारी समिति, उ0 कैम्पा।
4. नोडल अधिकारी–वन संरक्षण, उत्तराखण्ड एवं सदस्य–कार्यकारी समिति, उ0 कैम्पा।
5. अपर प्रमुख वन संरक्षक, वन्य जीव प्रशासन एवं आसूचना, उत्तराखण्ड, देहरादून एवं सदस्य–कार्यकारी समिति, उ0 कैम्पा।
6. अपर सचिव–वन एवं पर्यावरण/वित्त/नियोजन/ग्राम्य विकास/राजस्व/कृषि/जनजाति विकास/पंचायती राज/विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं सदस्य–कार्यकारी समिति, उ0 कैम्पा।
7. वित्त नियंत्रक, वन विभाग एवं सदस्य–कार्यकारी समिति, उ0 कैम्पा।
8. श्री एस0टी0एस0 लेप्चा, जनजाति मामलों के विशेषज्ञ/जनजाति समुदाय के प्रतिनिधि एवं सदस्य–कार्यकारी समिति, उ0 कैम्पा।
9. प्रतिनिधि–हिमालयन एक्शन रिसर्च सेन्टर, देहरादून गैर सरकारी संगठन एवं सदस्य–कार्यकारी समिति, उ0 कैम्पा।
10. प्रतिनिधि–उज्जवला, कोटद्वार मालिनी मार्केट, कोटद्वार, गैर सरकारी संगठन एवं सदस्य–कार्यकारी समिति, उ0 कैम्पा।

(जे॰एस॰ सुहाग)
अपर प्रमुख वन संरक्षक/
मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं
सदस्य–सचिव, उत्तराखंड कैम्पा।